# महात्मा गाँधी बालिका विद्यालय (पी.जी.) कॉलेज
## फिरोजाबाद

**(NAAC Accredited: B+ Grade)**

सम्बद्धः डॉ0 भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

## भारतीय भाषा, संस्कृति एवं कला प्रकोष्ठ

## सत्र– 2024–25

" वार्षिक आख्या "

प्रो0 प्रियदर्शिनी उपाध्याय
प्राचार्या

डॉ0 अनिता चौरसिया
संयोजिका

Scanned with OKEN Scanner

## भारतीय भाषा, संस्कृति एवं कला प्रकोष्ठ


## वार्षिक आख्या : सत्र 2024–2025

भारतीय भाषा, संस्कृति एवं कला प्रकोष्ठ भाषा, संस्कृति और कला के संरक्षण, संवर्धन एवं प्रचार-प्रसार के लिए समर्पित एक महत्वपूर्ण मंच है। भारतीय भाषाएँ जहाँ हमारी सामाजिक चेतना, सांस्कृतिक पहचान एवं वैचारिक परंपरा की संवाहक हैं, वहीं संस्कृति एवं कला हमारे जीवन-मूल्यों, परंपराओं तथा सृजनात्मक अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम हैं। इस प्रकोष्ठ का उद्देश्य विभिन्न शैक्षणिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं में अपनी भाषाई विरासत के प्रति जागरूकता, सांस्कृतिक चेतना तथा कलात्मक अभिरुचि का विकास करना है।

सत्र 2024–2025 के दौरान प्रकोष्ठ के अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा व्याख्यान, निबंध प्रतियोगिताएँ, भाषण प्रतियोगिताएँ, काव्य-पाठ, पोस्टर एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। प्रस्तुत आख्या में सत्र 2024-2025 के दौरान विभागों द्वारा आयोजित गतिविधियों का विवरण निम्नवत् है—

**उर्दू विभाग-**

उर्दू विभाग द्वारा छात्राओं में भाषा प्रवीणता के उद्देश्य से दिनांक 22 अक्टूबर 2024 को **"जदीद हिंदुस्तान के मेमार (आधुनिक भारत के निर्माता)"** इस विषय पर बहुभाषायी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषा की बाध्यता से रहित इस निबंध लेखन प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए भारत के महान विभूतियों के सामाजिक



Scanned with OKEN Scanner

सुधार, शिक्षा-प्रसार एवं राष्ट्रनिर्माण में योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन तथा शिक्षा की ज्योति प्रज्वलित करने में इन महापुरुषों के योगदान को छात्राओं ने अपनी लेखन कला के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

इसके अतिरिक्त दिनांक 27 फरवरी 2025 को **"महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध"** इस विषय पर भाषण प्रतियोगिता साथ ही ग़ज़ल एवं नज़्म प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अंजु शर्मा एवं संयोजिका डॉ. जेबा फारूकी द्वारा किया गया। आयोजन सचिव प्रो फरहा तबस्सुम ने नारी के प्रति अपने विचार व्यक्त करते हुए इस नज़्म से अपनी बात कही कि-

**बताऊं क्या तुझे ऐ हमनशीं किस से मोहब्बत है**

**मैं जिस दुनिया में रहता हूं वो इस दुनिया की औरत है।**

इस प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं ने वाक् कुशलता, वाक्य संयोजन, ज्वलंत मुद्दों पर अपने विचारों के प्रस्तुतीकरण के साथ ही समृद्ध भाषा साहित्य एवं साहित्यकारों के जीवन से प्रेरणा भी प्राप्त की।








Scanned with OKEN Scanner

**संस्कृत विभाग-**

दिनांक 22-02-2025 को भारतीय भाषा, संस्कृति एवं कला प्रकोष्ठ के अंतर्गत छात्राओं में संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार एवं कला-संस्कृति के संवर्धन की दृष्टि से **श्लोक गायन, संस्कृत गीत, संस्कृत स्तोत्रपाठ एवं सूक्ति लेखन प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या एवं मुख्य अतिथि डॉ0 अंजू शर्मा ने अपने वक्तव्य में संस्कृत भाषा में निहित ज्ञान-विज्ञान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्कृत के प्रचार-प्रसार के लिए इस तरह के कार्यक्रम समाज को दिशा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम की आयोजन सचिव रहीं डॉ0 राज्यश्री मिश्रा एवं इसका **संयोजन प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ0 अनिता चौरसिया** ने किया। भाषा संवर्धन, वाक् कुशलता, रचनात्मकता, छन्द, ताल, लय एवं गान की समझ को विकसित करने हेतु आयोजित इस कार्यक्रम में  छात्राओं को बदलते परिवेश में अपने सांस्कृतिक विरासतों को सहेजने के साथ ही संस्कृत और संस्कृति से जुड़े रहकर विकास पथ पर आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा मिली।







Scanned with OKEN Scanner

**चित्रकला विभाग-**

वर्ष 2025 के प्रारंभ में प्रयागराज उत्तर प्रदेश में गंगा, यमुना और सरस्वती नदियाँ के त्रिवेणी संगम पर लगने वाले विश्व के सबसे बड़े धार्मिक मेला महाकुंभ के आयोजन के अवसर पर महाविद्यालय में चित्रकला विभाग द्वारा छात्राओं में अपनी भारतीय संस्कृति, परंपरा के ज्ञान के साथ रचनात्मक कौशल एवं कला संवर्धन की दृष्टि से **श्रीमती प्रज्ञा केसरवानी** के संयोजन में दिनांक 13 फरवरी 2025 को **"महाकुंभ 2025"** विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपने रचनात्मक पोस्टरों के माध्यम से भारतीय सांस्कृतिक विरासत एवं धार्मिक परंपराओं का सुंदर प्रस्तुतीकरण किया।



**राजनीति विज्ञान विभाग-**

दिनांक 13 सितंबर 2024 को काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में छात्राओं में काकोरी ट्रेन एक्शन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, उसके राष्ट्रीय महत्व के ज्ञान के साथ ही भाषा शैली एवं लेखन कौशल में संवर्धन हेतु **"भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में काकोरी ट्रेन एक्शन की भूमिका"** इस विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया श्रीमती माया मधुर के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम के

Scanned with OKEN Scanner

माध्यम से छात्राओं में देशभक्ति, राष्ट्रसेवा भाषा संयोजन एवं उसके प्रस्तुतीकरण को प्रोत्साहित किया गया।



**अंग्रेज़ी विभाग-**

दिनांक 18 फरवरी 2025 को डॉ ज्योति अग्रहरि के संयोजन में **"Mahakumbh 2025: India – The Land of Sages"** इस विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिससे छात्राओं में अंग्रेजी भाषा में लेखन कुशलता, वाक्य संयोजन के ज्ञान के साथ साथ महाकुंभ जैसे धार्मिक विषयों में उनकी समझ विकसित हो सके।




इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में हमारे राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस गणतंत्र दिवस एवं महात्मा गांधी जयंती उत्सव मनाया गया जिससे छात्रों में देश के प्रति मान-सम्मान, सेवा का भाव, स्वतंत्रता संग्राम के महावीर के जीवन से प्रेरणा एवं

Scanned with OKEN Scanner

सांस्कृतिक विरासतों के प्रति अपने अपने उत्तरदायित्वों की समझ विकसित हो सके। इस प्रकार सत्र 2024–2025 में भारतीय भाषा, संस्कृति एवं कला प्रकोष्ठ के अंतर्गत आयोजित समस्त गतिविधियाँ अत्यंत सफल, उद्देश्यपूर्ण एवं प्रेरणादायक रहीं। इन कार्यक्रमों ने छात्राओं में भाषाई चेतना, सांस्कृतिक बोध, राष्ट्रीय भावना तथा रचनात्मक अभिव्यक्ति के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

**डॉ0 अनिता चौरसिया**

संयोजिका

भारतीय भाषा, संस्कृति एवं कला प्रकोष्ठ

Scanned with OKEN Scanner